डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | वैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या- 2082 | भोपाल,दिन शुक्रवार, दिनांक 17 अप्रैल ,2026

न्यूज गैलरी

नवजात की मौत पर अस्पताल में हंगामा

भोपाल |हलालपी के सिविल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान नवजात बच्ची की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। गुरुवार पिता ने नगर पर ट्रे फेंकी और अस्पताल में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि समय पर सही इलाज मिलता तो बच्ची बच सकती थी। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं।

पुलिस बैंड भर्ती (भोपाल)

भोपाल |भोपाल में पुलिस बैंड शाखा के सहायक आरक्षक (बैंड) के 679 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 30 अप्रैल 2026 कर दी गई है। पहले यह तारीख 19 अप्रैल थी, जिसे 11 दिन आगे बढ़ाया गया। भर्ती प्रक्रिया 2026 के लिए आयोजित की जा रही है और इसमें केवल पुरुष अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

डॉ. मोहित भंडारी को हार्वर्ड से आमंत्रण

भोपाल | भारत के सोर्बोनिक सर्जन डा. अनीश दीक्षित को 12 से 14 अगस्त तक पोस्टल में होने वाले एलआईएनएटी सम्मेलन में आमंत्रित किया है। वे लाइव सर्जरी करेंगे, रोबोटिक और लिप्रोट सर्जरी पर व्याख्यान देंगे और सर्जरी के भविष्य पर विचार साझा करेंगे। उन्हें विश्व के अग्रणी वेरिएट्रिक रोबोटिक सर्जनों में गिना जाता है, जिससे वह उपलब्धि देश के लिए गर्व का विषय बनी है।

टीईटी-वरिष्ठता मुद्दे पर वार्ता विफल

भोपाल |भोपाल में टीईटी परीक्षा आदेश और वरिष्ठता बहाली को लेकर शिक्षक संगठनों और सरकार के बीच वार्ता बेनतीजा रही। स्कूल शिक्षा मंत्री एन नवल शर्मा ने प्रदेश के साथ ही अधिकारियों के साथ दो बारगी में चर्चा हुई, लेकिन ठोस निर्णय नहीं हुआ। इसके बाद संघों ने 7 संगठनों के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा और धरना-प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया है।

रुबे में देरी से किसानों का पंजीयन अटका

भोपाल | राहित प्रदेश के 55 जिलों में करीब 3 लाख किसान सैटेलाइट सर्वे की देरी से परेशान हैं। राजस्व विभाग द्वारा किए जाने वाले इस सर्वे में देरी के कारण पंजीयन नहीं हो पा रहा है, जिससे किसान समितियों के कार्यालय चक्कर लगा रहे हैं। बेटा विसंगति होने पर मामलों को पुनरसत्यापन में भेजा जा रहा है। दो एकड़ से अधिक जमीन वाले किसान खासतौर पर प्रभावित हैं, जिससे गेहूं बिक्री अक्रिया प्रभावित हो रही है।

खरीदी केंद्रों पर नमी के नाम पर कटौती का आरोप

भोपाल |भोपाल में गेहूं खरीदी के दौरान किसानों से उपज के मानकों सामने आए हैं। आरोप है कि नमी के नाम पर प्रति ट्रॉली करीब 25 क्विंटल अतिरिक्त गेहूं काटा जा रहा है। किसान संगठन प्रजापति ने 60 क्विंटल गेहूं तौलने पर 60 किलो कम दिखाने की शिकायत की। मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं। किसानों का कहना है कि कई केंद्रों पर इसी तरह अवैध कटौती की जा रही है, जिस पर रोक लगनी चाहिए।

जनगणना | महिला कल्याण और महिलाओं के नेतृत्व में विकास हमारी प्राथमिकता

सीएम, सीएस ने मोबाइल टैब से खुद भरी पोर्टल पर जनगणना की जानकारी

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

20 अप्रैल तक खुद भर सकेंगे जानकारी प्रगणक करेगा वेरिफिकेशन

देश में पंद्रह साल बाद गुरुवार से सबसे बड़ी जनगणना का आगाज हो गया है। अब लोग सेल्फ के पोर्टल पर लॉगन खुद ही अपने घर और सदस्यों से जुड़ी जानकारी अपलोड कर सकेंगे। यह सिलसिला 20 अप्रैल तक चलेगा। जिसके बाद एक मई से प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन की प्रक्रिया का शुरू होगा।

गुरुवार को इसकी शुरुआत के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम हाउस और मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सेल्फ ई-न्यूमरेशन फार्म भरकर जनगणना की औपचारिक शुरुआत की। 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक होने वाली स्वगणना में आम लोग खुद ऑनलाइन फॉर्म भरकर अपने मकान से संबंधित 34 सवालों के जवाब दे सकेंगे। इसके बाद एक मई से प्रगणक घर घर पहुंचकर जानकारी का सत्यापन करेंगे और जिन लोगों द्वारा ऑनलाइन जानकारी नहीं भरी जाएगी, उनकी जानकारी लेकर जनगणना सॉफ्टवेयर पर अपलोड करेंगे। पोर्टल सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक ही खुला रहेगा। सही लॉगइन के लिए डिजिटल गैप पर घर मार्क करना होगा, जिसमें टैब, लैपटॉप, डेस्कटॉप और मोबाइल से भी प्रविष्ट पूरी की जा सकती है। एक-गणना के लिए एनिमा फिनकोड जरूरी होगा। गृह विभाग को स्टेट नोडल एजेंसी घोषित किया है। अगर कोई ऐसी गलत जानकारी देता है, तो उसे तीन

महिला कल्याण और महिलाओं के नेतृत्व में विकास हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कभी बेटी में देश आगे हो रहा है। महिला कल्याण और महिलाओं के नेतृत्व में विकास सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में लाडली बहनों को बीस हजार के बुकिंग किसानों का रजिस्ट्रेशन कार्य भी शुरू है।

मुख्यमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में टॉपर बालिकाओं को सराहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाल ही की बोर्ड और हाई स्कूल परीक्षा की टॉपर छात्राओं की सराहना की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने वाली छात्राओं का अभिनंदन के साथ मोमेंटो और शॉल भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिला साइकिलिस्टों पर लगाई गई सवारी का अवलोकन किया।

महिलाओं ने नेतृत्व क्षमता के उदाहरण दिए

मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश के आज से अधिक स्थानीय निकायों में महिला पार्षद चुनकर आई हैं। लोकसभा में हमारी 6 बहनें सांसद और विधानसभा में 27 बहनें विधायक हैं। 9 महिला मंत्री अपने विभागों की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं। महिलाओं ने खेलकूद साहस और नेतृत्व क्षमता के कई उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

जनगणना देश की रीढ़, विकास की नींव

मुख्यमंत्री ने जानकारी अपलोड करने के बाद कहा कि यह हमारे राष्ट्र के भविष्य को बड़ी दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम है। सत्यापन देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है। इस पर ही जनगणना डिजिटल और वैज्ञानिक तकनीक के साथ हो रही है।

अशोकनगर की हैलड़कियां . . भोपाल

नाबालिगों का धर्म परिवर्तन, भोपाल में दुष्कर्म और जबरन निकाह, 3 पर केस

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

अशोकनगर जिले के पिपरई थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने, दुष्कर्म और जबरन निकाह कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भोपाल के तीन युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को 5 नवंबर 2025 को पिपरई रेलवे स्टेशन से बहला-फुसलाकर भोपाल ले जाया गया। आरोप है कि वहां उसका धर्म परिवर्तन कर निकाह कराया गया। 7 नवंबर को भोपाल में एक मकान में पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया गया। अलग-अलग स्थानों पर कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि पीड़िता की दो अन्य नाबालिग सहेलियां (उम्र 14 और 15 वर्ष) भी आरोपियों के संपर्क में आईं। उनके साथ भी इसी तरह धर्म परिवर्तन और जबरन निकाह कराने तथा बलात्कार किए जाने के आरोप लगाए गए हैं।

परिजनों का आरोप है कि आरोपी आपस में मिल हैं व उन्होंने लड़कियों का ब्रेनवॉश कर उन्हें बहकाया। पुलिस ने मामले में अल्तामश खान, वाहद शेख व अरहान अली (निवासी भोपाल) को खिलाफ कई धाराओं में अपराध दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी राजीव मिश्रा के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई है। टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस मुख्यालय ने जारी

भोपाल | निर्वाचन निष्पक्षता प्रक्रिया को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने से पहले उसकी सच्चा की भाषा में लिखित रूप से कारण बताना अनिवार्य होगा। यह जानकारी गिरफ्तारी के समय या मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के कम से कम दो घंटे पहले देना जरूरी है। यदि इन नियमों का पालन नहीं किया गया तो गिरफ्तारी अवैध मानी जाएगी और संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है।

एआईसीसीलेगा फैसला कार्यकारिणी गठन, कमजोर आंदोलन भागीदारी पर नाराजगी

कांग्रेस के खराब परफार्मेंस वाले आठ जिलों के अध्यक्ष बदले जाएंगे

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

नए अध्यक्ष की दो दिनों से विधानसभा के प्रभारियों और जिलों के अध्यक्षों के साथ बैठक चल रही है। बैठक में प्रदेश प्रभारी रमेश चेन्नीथला, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सेंटर के प्रभारी कमलेश देवी ने गुरुवार को बैठक की। सूत्रों के अनुसार देश में कमजोर परफार्मेंस वाले जिलाध्यक्षों को बदलने की जरूरत है। ऐसे 8 जिलाध्यक्ष बदले जा सकते हैं। इनमें से तीन बुंदेलखंड से निमाड़, एक मिश्र, एक भोपाल संभाग और एक जिलाध्यक्ष बदल कर बनाया जाएगा। इसके पहले गुजरात में 8 जिलाध्यक्ष बदले जा चुके हैं और राज्य की बैठक भी जानकी देवी ने ली थी।

केवल 17 जिलों की कार्यकारिणी ही घोषित हुई

सूत्रों के अनुसार, हर महीने के 15 तारीख को बैठक होगी। नगर, जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हुए करीब 3 महीने हो गए हैं। केवल 17 जिलों की कार्यकारिणी ही घोषित हुई बाकी 36 जिलों में से 8 जिलों में प्रदेश कांग्रेस की टीम से लिए गए टास्क भी पूरे नहीं हुए। इनमें हैं जिलाध्यक्ष आंदोलन, पक्ष आंदोलन, और सात हैं ये बूथ समितियों को लेकर किए गए आंदोलन शामिल हैं। इन जिलों के अध्यक्षों की भागीदारी भी अधिक नहीं रही।

वीएमएचआरसी में भी होगा फेफड़े व छाती के गंभीर रोगों का इलाज

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (वीएमएचआरसी) में लोबेक्टोमी सर्जरी की सुविधा शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत के साथ ही डॉक्टरों ने 16 साल के किशोर की जटिल सर्जरी कर सफलता हासिल की। ट्यूमर के कारण उसके दोनों फेफड़ों का कामकाज बंद कर चुके थे, लेकिन ऑपरेशन के बाद हालत में सुधार हुआ और उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार किशोर की छाती के निचले हिस्से में ट्यूमर था, जो रीढ़ की हड्डी पर दबाव बना रहा था। शुरुआत में मरीज ने ट्यूमर को निकाला गया। इसके बाद ट्यूमर दोबारा बढ़ने लगा। इसके बाद मरीज को ट्यूमर पूरी तरह निकाला। डॉ. निशिकांत गर्ग ने बताया कि अब तक यहां लोबेक्टोमी और पैरासुलर सर्जरी होती थीं। नई सुविधा से फेफड़ों, छाती से जुड़ी बीमारियों का इलाज संभव होगा। डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने बताया मरीजों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा और आधुनिक सीजरी के साथ इलाज भी मिलेगा।

अवैध कॉलोनियों पर फिर चलेगा बुलडोजर, नई टीम बनेगी:

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एक बार फिर कार्रवाई शुरू होगी और तैयार सूची के आधार पर बुलडोजर चलाया जाएगा। कलेक्टर प्रियंका मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्टरेट में नोटिस या चर्चा में बताया कि जरूरत के अनुसार प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किए जाएंगे और टीम में फेरबदल कर कामकाज को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इससे साफ है कि जल्द ही नई प्रशासनिक टीम नए विजन और कार्यशैली के साथ काम करेगी।

उन्होंने कहा कि भोपाल को देश की सबसे खूबसूरत और व्यवस्थित राजधानी बनाने के लिए प्रशासन पूरी ताकत से जुटा है। बड़े तालाब के 50 मीटर दायरे में स्थित अतिक्रमणों पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शहर में सड़क अतिक्रमण है और कहां सीवरेज की स्थिति खराब है, इस पर एजेंसियों के साथ बैठक कर नया रोडमैप तैयार किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि कलेक्टरेट की नई बिल्डिंग के निर्माण के लिए एक्ट मेला की गई है और जल्द काम शुरू कराया जाएगा।

दो फरियादियों ने अलग अलग धोखाधड़ी के लगाए आरोप

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना इलाके में जालसाजी और धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। इस प्रकरण में आरोपी विक्रम सेन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। भोपाल निवासी राजकुमार मटा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी ने जमीनी निविदा के नाम पर उनसे लाखों रुपए ली गयी थी। 23 मार्च 2026 को उनके बेटे सुशांत मटा को नौकरी दिलाने का प्रलोभ देकर रुपये लिया गया था।

शिकायत के अनुसार, विक्रम सेन और उसके साथी पुनीत भौमरी ने एनसीसी और रेलवेज जैसी संस्थाओं में काम दिलाने का झांसा दिया। भोपाल में मुलाकात के दौरान आरोपियों ने कागजी दस्तावेज दिखाकर संयुक्त खाकेपारी तैयार करवाई और निविदा में भाग लेने के नाम पर सुरक्षा राशि के रूप में बड़ी रकम जमा कराई। कुछ राशि ऑनलाइन माध्यम से भी ली गई। बाद में जांच में पता चला कि ऐसी कोई निविदा अस्तित्व में ही नहीं थी। हालांकि मामले में प्रवीण कुमार तालेरिया ने भी आरोपी पर 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विक्रम सेन ने वेस्टेल पार दिलाने का झांसा देकर पैसे लिए, लेकिन न तो कोई काम किया और न ही रकम लौटाई। आरोपी द्वारा दिया गया चेक भी बाउंस हो गया। पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मातृ मृत्यु के कारणों की जांच के लिए हुई समीक्षा बैठक

भोपाल |मातृ मृत्यु प्रकरणों की विस्तृत पड़ताल के लिए जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में मातृ मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले में हुई चिकित्सा मैटरनल डेथ के चिकित्सकीय कारणों की पड़ताल की गई। बैठक में केबीएच संचालक डॉ. नीरा गौमती, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष हर्ष, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कुलभ श्रीवास्तव, महेश्री अवस्थी डॉ. आभा जैन सहित सभी रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अस्पतालों के

मौसम | आज राजधानी सहित एक दर्जन जिलों में हीटवेव का अलर्ट

22 जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच, नर्मदापुरम और रतलाम 43 डिग्री पर तपे

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी के साथ हीटवेव अपना दायरा बढ़ा रही है। गुरुवार को छिंदवाड़ा के साथ रतलाम में भी भी लू का असर रहा। भोपाल में पारा 40.5 डिग्री रहा, जो सीजन का सबसे गर्म दिन है। यहां 10 साल में तीसरी बार 20 अप्रैल से पहले इतनी गर्मी बढ़ी है। दर्ज रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2016 से 2025 के बीच 10 साल में 20 अप्रैल से पहले इतनी गर्मी का पारा केवल 17 अप्रैल 2016 में 42.6 डिग्री और 18 अप्रैल 2017 को 42.7 डिग्री दर्ज हुआ है। प्रदेश में 22 से

भोपाल 40.5 डिग्री 10 साल में तीसरी बार इतनी गर्मी, सीजन का सबसे गर्म दिन

अधिक डिग्री में गर्मी का पारा बढ़ा रहा। दोनों शहरों में हीटवेव से सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी दो दिन तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़त की उम्मीद है। इस बीच भोपाल में भी अधिकतम तापमान में एक डिग्री तक वृद्धि हो सकती है।

रतलाम 42.8 डिग्री अधिक है। छिंदवाड़ा में 41.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.5 डिग्री ज्यादा रहा। दोनों शहरों में हीटवेव से सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी दो दिन तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़त की उम्मीद है। इस बीच भोपाल में भी अधिकतम तापमान में एक डिग्री तक वृद्धि हो सकती है।

भोपाल की तालाबाटी, शाम 6 बजे सब्जाबाद लू का रास्ता बढ़ रहा, हिमाचल के साथ अब रतलाम में भी असर

इसलिए मिलेगी कुछ राहत

मौसम विशेषज्ञों एवं शुक्रवार के अनुसार अभी एक सकुलेशन हरियाणा और आसपास है। एक साइक्लोनिक सकुलेशन उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश और आसपास है। एक ट्रफ दक्षिण पूर्वी राजस्थान से मणिपुर तक, पूर्वी नम्र पर बने सकुलेशन से होकर गुजर रही है। इससे प्रदेश में कुछ नमी आने से हल्की बादलों का असर रह सकता है, जिससे तापमान में कुछ कमी आने की उम्मीद है।

आज 8 जिलों में लू का अलर्ट

शुक्रवार को गर्मी के तेवर और तीखे होने से 8 जिलों में लू का अलर्ट है। इनमें नर्मदापुरम, धार, रतलाम, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्ना आदि जिलों में तेज गर्मी के साथ हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

भीषण हादसा ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार महिलाओं की मौत

डीआर संवाददाता ▶▶ श्योपुर

जिले में गुरुवार रात एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों भरे सफर को मातम में बदल दिया। विजयपुर क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। हादसा छितरपुरा गांव के पास हुआ। जहां श्योपुर के सुवास गांव से गुर्जर समाज के लोग जयंती बड़ौदा में भात मांगने जा रहे थे। ट्रैक्टर में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे सवार थे। रास्ते में तेज रफ्तार और असंतुलन के चलते वाहन पलट गया, जिससे चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया लेकिन चार महिलाओं की जान चली गई। और अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पुलिस प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। मौके पर पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत, एसडीएम अभिषेक मिश्रा और टीआई राजेश गुर्जर भी मौके पर पहुंचे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख कृष्ण पक्षा अमावस्या- 2082 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 17 अप्रैल 2026

न्यूज गैलरी

पीएनजी कनेक्शन रू 13 अप्रैल से 5 मई तक कैंप

सीहोर। कलेक्टर बालमुरुगन के. ने व्यापक विमान और रीजीजी कंपनियों को पीएनजी कनेक्शन के लिए पाइप नेटवर्क बिछाने के निर्देश दिए हैं। पीएनजी के फायदे बताने के लिए शिविर लगाने को कहा है। शासन के निर्देश पर जिन आवासीय इलाकों में पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है, उन कॉलोनियों में 13 अप्रैल से 5 मई तक कैंप होंगे।

द्वितीय अवसर बोर्ड परीक्षा 7 मई से, आवेदन 22 तक

सीहोर। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं हाईस्कूल और 12वीं हायर सेकेंडरी की द्वितीय अवसर परीक्षा 7 मई से शुरू होगी। परीक्षा 28 मई को समाप्त होगी। मुख्य परीक्षा में जो विद्यार्थी किसी कारणवश पास नहीं हो पाए हैं, वे द्वितीय अवसर परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। आज शाम 22 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

184 युवाओं का प्रारंभ चयन, 2.96 लाख ऋण बांटा

सीहोर। जिला रोजगार कार्यालय, सीहोर व्यवसाय उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई ने प्रधानमंत्री कौशल्य और एक्सीलेंस में रोजगार, स्वरोजगार, ओरिएंटेशन मेला कराया। मेले में 16 कंपनियों ने युवाओं को साक्षात्कार लिए। योग्यता के आधार पर चयन किया गया। मेले में 242 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया। युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन हुआ। मेले में 2 लाख 96 हजार के ऋण भी वितरित किए गए। 184

515 बच्चों का टीकाकरण, 112 गर्भवती की जांच की

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग जिलेभर में हर मंगलवार और शुक्रवार को हेल्थ सेशन कराकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण कर रहा है। इन दिनों को हम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को लगे शिविरों में कुल से एक साल तक के 515 बच्चों का टीकाकरण हुआ। एक साल से अधिक उम्र के 203 बच्चों को भी टीके लगाए गए। शिविरों में 112 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

140 आशा कार्यकर्ताओं ने भुगतान रोकने का आरोप लगाया

बुधनी। विकासखंड की करीब 140 आशा कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य शिविर पर 10 हजार रुपए के भुगतान में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और जांच की मांग की। उनका कहना है कि स्टेशनरी और अन्य खर्चों के लिए बिल जमा कराने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। जबकि अन्य स्थानों में राशि मिल चुकी है। इससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी है।

दो सगी बहनें आरक्षक बनीं, हुआ सम्मान

सैकड़ा। संध्या प्रवार और सलोनी पंवार का राज्य प्रवेश पुलिस में आरक्षक पद पर चयन हुआ है। दोनों बहनों की सफलता से परिवार और समाज में खुशी का माहौल है। इंदौर में आयोजित समारोह में उनका सम्मान किया गया। दोनों ने अपनी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की और युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं।

जावर मंडी में हम्माली दर 10% बढ़ी, नीलामी फिर शुरू

जावर। हम्मालों की मांग पर कृषि उपज मंडी में हम्माली दर 10 प्रतिशत बढ़ा दी गई है।

गुंडागर्दी कुबेरेश्वर धाम से श्रद्धालुओं को छोड़ने भोपाल छोड़ने पर अवैध वसूली व मारपीट का आरोप

सीहोर के ऑटो चालकों से भोपाल में पूछा जा रहा धर्म, फिर मारपीट और तोड़फोड़

डीआर संवाददाता»सीहोर

राजधानी भोपाल की सड़कों पर गुंडागर्दी का एक ऐसा चेहरा सामने आया है, जिसने भाईचारे और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुबेरेश्वर धाम से श्रद्धालुओं को छोड़ने भोपाल जा रहे सीहोर के ऑटो चालकों का आरोप है कि यहां न केवल उनसे अवैध वसूली की कोशिश की जा रही, बल्कि धर्म और जाति पूछकर उनके साथ बेरहमी से मारपीट और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। मामा दें घटना तीन दिन पुरानी है, जब कुछ ऑटो चालक कुबेरेश्वर धाम से सवारियां लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन और बिलखिरिया अस्पताल के आसपास पहुंचे थे। पीड़ित चालक का आरोप है कि बिलखिरिया अस्पताल के पास सीहोर नाम के एक व्यक्ति और उसके गुर्गों ने सीहोर के ऑटो को जबरन रोका। पहले उनसे सवारियों पर कमीशन मांगा गया और जब चालकों ने विरोध किया तो हमलावरों ने कथित तौर पर उनकी धार्मिक पहचान और जाति पूछी। आरोप है कि बिलखिरिया अस्पताल के बाद डंडे और पत्थरों से हमला बोल दिया, जिससे ऑटो के कांच टूट गए और चालक घायल हो गया।

बजरंग दल का आक्रोश

इस घटना की खबर जैसे ही सीहोर पहुंची हिंदूवादी संगठनों और ऑटो चालकों का गुस्सा फूट पड़ा। बजरंग दल और शिव हिंदू परिषद के नेतृत्व में दर्जनों चालकों ने नंदी द्वार का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि भोपाल के बुंदी से धर्म पूछकर निहत्था बनाया बंद नहीं किया तो इसका परिणाम गंभीर होगा। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा अगर हमारे साथियों के साथ भोपाल में बदसलूकी नहीं रुकी तो सीहोर की सीमा में भी ऑटो पर प्रवेश प्रतिबंध कर दिया जाएगा।

वसूली का भोपाल सिंडिकेट

सीहोर के ऑटो चालकों का कहना है कि भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म 6 और बैरागढ़ क्षेत्र में यह सुए संगठित है। यह बाहरी जिलों से आने वाले वाहनों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली करता है।

मुफ्ति कुबेरेश्वर धाम के कारण सीहोर के ऑटो की आमदनी बढ़ी है, इसलिए दूसरों पर वसूली बढ़ गई है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।

युवक के सिर पर बोतल फोड़ी, पत्थर से कुचलने की कोशिश

शराब दुकान पर कहासुनी के बाद खूनी

डीआर संवाददाता»सीहोर

नगर में शराब दुकान के पास गुरुवार को शराब पीने के बाद हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। चार युवकों के बीच शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक युवक के सिर पर बीयर की बोतल फोड़ दी गई, जबकि दूसरे युवक पर पत्थर से हमला कर उसका सिर कुचलने की कोशिश की गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शराब दुकान के पास पहले कहासुनी हुई जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते एक युवक ने बीयर की बोतल उठाकर दूसरे के माथे पर मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद दूसरे युवक पर पत्थर से जानलेवा हमला किया गया। लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रतापसिंह दांगी पुलिस बल के साथ करीब पांच मिनट में मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल घायलों को शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों गंभीर जख्मी बताई पुलिस।

पहचान के रास्ते बाते थे

पुलिस ने तत्काल दिखाते हुए गौर से एक आरोपी को हिरासत में लेकर थाना बंदीगृह में रखा गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना में शामिल तीन व्यक्तियों में से दो फरार हो गए बताए जा रहे हैं, जबकि एक युवक भोलसुर का निवासी बताया गया है। वहीं एक अन्य युवक की तलाश लगातार जारी है। फिलहाल उनकी पहचान नहीं हो सकी है।

सीसीटीवी कैमरों जांच वही पुलिस गठन के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। दोनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और शराब दुकान के कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि झगड़े की शुरुआत, आरोपियों की पहचान और पूरी वारदात का क्रम स्पष्ट हो सके। थाना प्रभारी प्रतापसिंह दांगी ने बताया कि मामले की गंभीरता से

भैरुंदा में घर में घुसकर चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता»सीहोर

भैरूंदा थाना पुलिस ने लाखखुई कस्बे में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 7 हजार रुपए का चोरी गया सामान भी बरामद किया है।

परिवादी रवाना सिंह ठाकुर ने 15 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12-13 अप्रैल की रात अज्ञात चोर उनके घर की टीन शेड हटाकर अंदर घुसे और दो गैस सिलेंडर, कुर्सी से तीन किलो की पीतल की बटलोई तथा 35-40 किलो कलाई पुलिसी पीतल का तोता चोरी कर ले गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने बारीकी से पूछताछ, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद कपिल कुमार गोयल, राहुल बाजारी और शिवकुमार उर्फ को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में तीनों आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली, जिसके बाद उनके घरों से चोरी गया सामान बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल बाजारी पर पहले से भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं, जिसकी पुष्टि होना।

दो हादसे: ट्रक की टक्कर से ट्रॉली पलटी, पचामा मार्ग पर कार

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

जिला मुख्यालय के पास गुरुवार देर रात और गुरुवार सुबह दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। पहले हादसे में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से गेंदू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। दूसरे हादसे में खराब सड़क के कारण कोई और विभाग कार आगे-पीछे टकरा गई।

पुलिस के अनुसार शाहीर पर शनिवार जीरो से पास कुशवाह रोड करीब 11:30 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने गेंदू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर पलट गई। उसमें सवार दो ग्रामीण नीचे दब गए। ग्राम पंचायत के किसान गंगी ने गेंदू बेचने जा रहे थे। हादसे में घायल 30 वर्षीय अर्जुन पिता सजन सिंह और 25 वर्षीय भीरल पिता सुखलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को बाहर निकाला। अस्पताल पहुंचाया।

इलाज जारी है। ट्रॉली का गेंदू सड़क पर फैल गया। कुछ देर हाईवे पर जाम लगा। सूचना पर कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफ पहुंची। वाहनों को सुरक्षित रूप से मार्ग से हटाया गया। ट्रक चालक फरार हो गया। तलाश जारी है।

सड़क का एक हिस्सा अधूरा, एक वाहन पीछे

गुरुवार सुबह पचामा मार्ग पर राजपुरा ढाबे के पास दोनों वाहन और विभाग कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर से मिनट का जाम। हिरण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राजपथ निर्माण में लापरवाही बरतने की बात कही। सड़क का एक हिस्सा अधूरा है। एक साइड मोटी है। कच्ची है। मिट्टी फैली है। इससे वाहनों के लिए दोनों तरफ के वाहन एक ही पक्की लेन में आ जाते हैं। टक्कर की स्थिति बनती है।

जिले से 5 हजार अध्यापकों की 18 को भोपाल के जंबूरी में शक्ति प्रदर्शन की तैयारी

डीआर संवाददाता»सीहोर

अध्यापक संयुक्त मोर्चा, जिला सीहोर द्वारा शिक्षकों के एक और अभियानों को लेकर आयोजित एक निर्णायक धरना में पहुंचता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में आगामी 18 अप्रैल 2026 को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिलेभर में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

जिला संयुक्त मोर्चा ने पत्रकारों देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम केवल एक रस्म नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई का मजबूत मंच बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी विकासखंड सीहोर, आष्टा, इछावर, भैरूंदा एवं बुधनी- में शिक्षक साथियों को बीच लगातार संपर्क कर उन्हें भोपाल पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मोर्चा द्वारा जिलेभर में पीएमश्री चयन आमंत्रण अभियान चलाया जा रहा है, जो शिक्षकों के बीच एकजुटता और सम्मान का प्रतीक बन चुका है। इस अभियान के तहत शिक्षक एक-दूसरे को पीएमश्री चयन प्रोग्राम कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में यह अभियान तेजी से फैल रहा है और इसे अपार प्रतिसाद मिल रहा है।

मोर्चा के पदाधिकारियों के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर बैठकें, संवाद कार्यक्रम और जागरूकता अभियान आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आंदोलन की रणनीति और कार्यक्रम की रूपरेखा पर मंथन की जा रही है। मोबाइल मीडिया और कार्यस्थल के माध्यम से भी शिक्षकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। प्रदेश में वर्ष 1998 से 2003 के

पैनल नियुक्त शिक्षक विभागीय नियमों के तहत नियुक्त हुए थे। इसके बाद वर्ष 2005 और 2008 में पात्रता परीक्षाओं के माध्यम से चयन किया गया। वहीं वर्ष 2011 के बाद नियुक्त शिक्षक पहले ही टीईटी उत्तीर्ण कर चुके हैं। मोर्चा का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में टीईटी 2026 लागू करने से प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित होंगे, जिनमें कई शिक्षक पिछले 20 से

मेरिट में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान, कलेक्टर ने दिया

डीआर संवाददाता»सीहोर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर बालमुरुगन के. और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने सम्मानित किया। विद्यार्थियों को फूलमाला और स्मृति चिन्ह देकर बधाई दी गई। इस दौरान छात्रों ने अपने करियर और भविष्य को लेकर सवाल भी पूछे।

कलेक्टर बी बालमुरुगन के. ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए मेहनत, लगन और एक सकारात्मक जरूरी है। उन्होंने बताया कि सही दिशा में किया गया परिश्रम ही सफलता दिलाता है। जीवन में लक्ष्य तय कर लगातार प्रयास करना चाहिए और युवाओं से प्रचार के बजाय उनका सामना करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक सोच बनाए रखने, निरंतर सीखते रहने और रोजाना अध्ययन-पंक्तियां पढ़ने की सलाह दी।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने कहा कि असफलता से निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिक्षा और ज्ञान कभी खर्च नहीं जाते।

इस अवसर पर कक्षा 10वीं के मध्य कुमावत (94.1, 12वीं गणित में सलीक प्रजापति (98.60), कक्षा में हर्षिता जैन, वाणिज्य में कुंति नेवाडा और जीव विज्ञान में दिनी विश्वकर्मा सहित मेधावी छात्रों को

समीक्षा बैठक नाम रोशन करने वाले तपर श्लोक से कराया लाखों के निर्माण

वार्ड क्रमांक 21 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 13 लाख 50 हजार की लागत से

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

शहर के वार्ड क्रमांक 21 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नागरिकों की सुविधा एवं क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए 13 लाख 50 हजार रुपये की लागत से एक सुसज्जित एवं आकर्षक पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य का शिलान्यास क्षेत्र में शहर का नाम रोशन करने वाले तपर श्लोक से कार्य का भूमि-पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सरोहर द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। 12 दी के टॉपर

श्लोक प्रजापति के साथ क्षेत्रवासी भूमि पूजन में शामिल थे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री सरोहर ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि यहां के नागरिकों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण भी प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित स्थान, बुजुर्गों के लिए बैठने एवं टहलने की समुचित व्यवस्था तथा युवाओं के लिए स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका का उद्देश्य है। निर्मित होने वाले इस पार्क में हरियाली विकसित की जाएगी, आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था होगी, बैठने के लिए बेंच लगाई जाएगी तथा बच्चों के लिए खेल उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही पार्क का निर्माण उच्च गुणवत्ता के लिए मॉर्निंग वॉक एवं व्यायाम हेतु उपयुक्त वातावरण तैयार किया जाएगा।

नगराध्यक्ष श्री सरोहर ने कहा कि नगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और गुणवत्ता के साथ सभी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष दिपेश शास्त्री, वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद प्रतिनिधि

मेरिट लिस्ट में आने पर सालोनी का विद्यालय ने किया सम्मान

डीआर संवाददाता»बरनाला

बुधवार को एमडीबीएट की कक्षा 12 व कक्षा 10 की परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के गायत्री शिव मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 12 वीं जीव विज्ञान संकाय की छात्रा सलोनी दांगी ने 85.2 (476 अंक) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला में तीसरा स्थान प्राप्त किया इनपर इस सफलता पर गुरुवार को विद्यालय के संचालक राजेंद्र प्रसाद गौर व प्राचार्य अजय तिवारी ने छात्रा सलोनी दांगी व अभिभावक का सम्मान किया गया। इस दौरान सलोनी दांगी ने बताया कि आगे ये नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित उपस्थित छात्रा सलोनी दांगी ने इस सफलता के लिए विद्यालय का आभार व्यक्त किया

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख कृष्ण पक्षा अमावस्या- 2082 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 17 अप्रैल 2026

न्यूज गैलरी

शिविर लगाकर 718 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में बाल स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत विशेष लगातार टीकाकरण किया जा रहा है। 18 अप्रैल को आयोजित विशेषों में शून्य से एक वर्ष के 515 और एक वर्ष से अधिक आयु के 203 बच्चों सहित कुल 718 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 112 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभाग द्वारा हर मंगलवार और शुक्रवार को शिविर आयोजित कर टीकाकरण के साथ अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

जनगणना 2027 के लिए प्रशिक्षण शुरू

जावर। तहसील में जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए शासकीय महाविद्यालय जावर में 16 अप्रैल से प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें 79 प्रगणक और 10 पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं। तहसीलदार ओमप्रकाश चौरसा ने बताया कि पहला दौर 15 से 17 अप्रैल तक चलेगा। प्रशिक्षण में शेड्यूल संकलन, सर्वे प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। उद्देश्य है कि सभी कर्मचारी व्यवस्था से कार्य कर सटीक आंकड़े सुनिश्चित करें।

रोजगार मेले में हुआ 184 युवाओं का प्रारंभ चयन, 02 लाख 95 हजार के ऋण वितरित

सीहोर। जिला रोजगार कार्यालय, जिला रोजगार उद्योग केंद्र और हायाबीज आईटीआई द्वारा सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार स्वरोजगार एवं ऑप्टिसिटिस मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता अनुसार चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 212 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया तथा कुल 184 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा युवा संगम कार्यक्रम में मंच से 02 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इनमें पशुपालन केंद्रीय विभाग द्वारा श्री अशोक एमपत सिंह एवं सुश्री मंजू वर्मा को 02 लाख 95 हजार रुपये का ऋण वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, प्रायवर्ट मधु पटेल, संदीप उईके, विवेक यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई

सीहोर। कलेक्टर बालगुरु के की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर बालगुरु के तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने अधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित इलाज के लिये निर्देश दिए।

हम्माली दर 10: बढ़ी, जावर मंडी में नीलामी फिर शुरू

जावर। गुरुवार को नगर की कृषि उपज मंडी के हम्मालों ने हम्माली दर बढ़ाने की मांग पर

बिजली कटौती गर्मी में बिजली कटने से परेशान ग्रामीण, पीने के पानी के लिए भी तरसे

24 घंटे बिजली देने का वादा, 10 घंटे की हो रही अघोषित कटौती, गर्मी में हाल-बेहाल

डीआर संवाददाता»सीहोर

अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कार्यालय में किया हंगामा। बिजली कटौती से बुजुर्ग और छोटे बच्चों की हालत हो रही खराब।

भीषण गर्मी के दौरान बिजली विभाग अपनी मन मर्जी से बिजली कटौती कर रहा है। जिससे ग्रामीण पीने के पानी से भी वंचित हो रहे। ग्राम सिद्धिगंज में बिजली विभाग मोटी बिजली कटौती कर रहा है। गर्मी के चलते ग्रामीणों का हाल बे हाल है। गर्मी के मौसम में तापमान 40 डिग्री पार है, ग्राम में बच्चे और बुजुर्गों की हालत गंभीर है। देखा जाए तो बिजली विभाग प्रतिदिन मेंटेनेंस के चलते बना बिजली पूर्व सूचना के घंटो बिजली गोल करता है। ग्रेड के जिम्मेदार भी इस ओर्र ध्यान नहीं दे रहे।

ग्रामीणों ने किया हंगामा

ग्रामीण बिजली कटौती से परेशान होने के कारण बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने काफी आक्रोश देखा गया। ग्राम के बस स्टैंड, गांव और अस्पताल के क्षेत्र में मरीजों को पेखाने के लिए पानी भी नहीं है। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि हमारे खेतों में मवेशियों को पिलाने का पानी भी नहीं है पानी पिलाने के लिए मवेशि को इधर उधर ले जाना पड रहा है। ग्राम के महेंद्र सिंह जाटवाले सरपंच सिद्धि नाथ नवजिलोर प्रधान उप सरपंच, चेतन राठौर, विनिलेश मुंदड़ा, नरेंद्र राठौर, विपिन मुंडड़ा, महेंद्र राठौर, अशोक लाकड़िया, राहुल आवर, अतुल लाकड़िया, राजेंद्र वर्मा, राहुल बनाना, सत्यम नामिल, बल्लू रावत, राजाराम, देवलाल वर्मा, अशोक राठौर, आदि ग्रामीणों द्वारा बताया कि ग्राम सिद्धि गया बिजली विभाग के कारण हम सभी ग्रामीण काफी परेशान हैं। बिजली विभाग अपनी मनमानी के चलते कटौती करता है यही बताया गया कि ग्राम में बिजली नहीं होने के कारण पीने के पानी की किल्लत हो रही है। ग्राम के बस स्टैंड पर ग्रेड के पास पानी की नहीं है बिजली नहीं होने के कारण पीने के पानी की किल्लत हो रही है।

24 घंटे बिजली देने का वादा

सिद्धिनाथ सेंट के अंतर्गत करीब 50 से 60 गांव आते हैं। सभी गांव के लोगों को बिजली कटौती से काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं सरकार 24 घंटे बिजली देने का वादा कर रही है पर ग्रामीणों को 24 घंटे तो दूर कई जगहों पर तो बिजली तक नहीं मिल पा रही है। वहीं ग्राम सिद्धिगंज के अंतर्गत सुशील नगर में कई दिनों से 2 से 3 ट्रांसफार्मर जले हुए पड़े हैं। पर बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यही ग्रामीणों बिजली कटौती की पूर्व सूचना नहीं दी जाती है, ताकि ग्रामीण पानी की व्यवस्था हो सके बिजली कटौती को लेकर जब जिम्मेदारों से ग्रामीणों द्वारा बात की जाती है तो जिम्मेदार फोन पर बोलते है कि पानी के टैंकर भेजकर लीजिए। किसानों ग्रामीणों ज्यादा आक्रोश नजर आया।

ग्रामीणों ने विधायक को बताई पीड़ा

वहीं ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को फोन पर सूचना दी गई कि ग्रामीण बिजली विभाग की बिजली कटौती से काफी परेशान है वहीं क्षेत्र विधायक द्वारा आश्वासन दी दिया गया है कि जल्दी ग्राम की बिजली ठीकी जाएगी और उसमें सुधार किया जाएगा। यही मामले को लेकर बिजली विभाग के कोई जनीय अधिकारण ने बताया कि मैं अभी मीटिंग में बीजी में हूं, अफसर बहसया देखता हूं। मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है कभी पूर्व होने पर जल्दी बिजली दी जाएगी। ग्रामीणो ने बताया कि जब भी हम ग्राम के लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं तो हमें कोई उपयोगिता नहीं मिलती है हम ग्रामीण हमारी समस्या किसे बताए।

किसानों की 8 सूत्रीय मांगों पर गरजी कांग्रेस, प्लेट कांटे से तुलाई कराने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता»सैलाना

कई खरीदी केंद्रों पर प्लेट कांटे की बजाय छोटे कांटों से तुलाई की जा रही है, जिससे छोटे किसानों से प्रति तुलाई 4 से 5 किलो तक अतिरिक्त गेहूं की कटौती की शिकायतें सामने आई हैं। तहसील मुख्यालय सैलाना में गुरुवार को किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। इसके बाद एसडीएम सुधीर कुशवाह को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। गोपालपुर, सालखेड़ी और गौरवा ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में किसानों की प्रमुख समस्याओं को उठाया गया। कांग्रेस नेता संजय पटेल हथेली ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में भारी अव्यवस्था व्याप्त है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई खरीदी केंद्रों पर प्लेट कांटे की बजाय छोटे कांटों से तुलाई की जा रही है, जिससे छोटे किसानों से प्रति तुलाई 4 से 5 किलो तक अतिरिक्त गेहूं की कटौती की शिकायतें सामने आई हैं। कांग्रेस ने मांग की कि सभी केंद्रों पर अनिवार्य रूप से प्लेट कांटे से ही तुलाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रति खरीदी केंद्र गेहूंखरीदी की सीमा बढ़ाने की मांग भी प्रमुख रही। वर्तमान में 1000 क्विंटल प्रतिदिन की सीमा को बढ़ाकर 8000 क्विंटल करने की मांग की गई, ताकि भीषण गर्मी में किसानों को लंबी कतारों से राहत मिल सके।

मारवाड़ी महिला संगठन के चुनाव संपन्न, मंजू अग्रवाल अध्यक्ष मनोनित

डीआर संवाददाता»सीहोर

मारवाड़ी महिला संगठन महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोहा वर्गों के माध्यम से समाजसेवा में सक्रिय है। यह संगठन स्वच्छता, अभियान, बाल विकास, पर्यावरण संरक्षण और निर्धन छात्राओं को छात्रवृत्ति जैसी सेवाएं प्रदान करता है। संगठन पर कार्यकर्ताओं का आयोजन किया जाता है। इसके लिए मारवाड़ी महिला संगठन की सभी सदस्यों द्वारा भवन प्रक्रिया सर्वसम्मति गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष मंजू अग्रवाल बबाबाखाले, कोषाध्यक्ष पुष्पा सोनी, सचिव

मिनीता सोनी, उपाध्यक्ष आभा खण्डाल वाह शारिब, नीता जीलसिया मनोनीत की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नवनिनुक्त अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने बताया कि संगठन के द्वारा आगामी दिनों में महिला सशक्तिकरण आदि के विषय में शीघ्र ही सदस्यता बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया चुनाव में रजनी बाहेती को रोजगार समिति प्रकल्प प्रमुख चुना गया, प्रमुख प्रकल्प लतिका, मनता सिकिया, इंदु गाजरवाल, निर्मला खाल, रीना लोहारी प्रतिभा डागर, संगीता रानी, रक्षा शर्मा, रुचिका सोनी, किरण सोनी, मंजू मारवीय, पार्वति अग्रवाल, ज्योति सोनिया, नेहा चौरसिया रचना मेजनगर्वाल शशि विश्वकर्मा, मंजू पालीवाल ज्योति सोनी सभी सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई और सभी के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

---

25 अप्रैल संत समागम एवं धर्मसभा का आयोजन, शामिल होंगे

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के इतिहास में पहली बार आगामी शुक्रवार गोपाल नगर स्थित गंगा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा कोलांगुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ दुर्गेश काली मंदिर के तत्वधान में महाकालपुरी की गद्दी से निवर्तमान संत श्री श्री नारायण स्वामी महामुनि मंडल बाबा की सेवार गुरुवार को मंदिर के अधिकारी संत गजन दास महाराज के कार्यकर्ता में एक बैठक का आयोजन गोपेर परिसर में किया गया। उन्होंने सकारि युवकों को सनातन

संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूक करना इसका लक्ष्य है। मंदिर परिसर में बनाई जाने वाली महायज्ञ शाला पूर्ण होने वाली है। इसके अलावा यहां पर सत्र समागम और 25 अप्रैल से नव्य प्रेम सुन्दरकाण्ड श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य यजमान नगरिक अधिकारी राय, माता प्रभावती सन्नी सरकार, संस्कार गंज के विजेन्द्र तिवारी, पंडित पवन व्यास, पंडित कुशाल व्यास, सुनील व्यास, गोपाल, रमेश सुनंदा, गणेश राजवा, भवन केवट, सुन्ना आदि शामिल थे।

इस मौके पर संस्कार गंज संरक्षक मनोज दीक्षित बाबा ने बताया कि संत समाज का मार्गदर्शन कर और आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक मूल्यों तथा सनातन धर्म के प्रति जागरूकता फैलाकर समाज को सही दिशा दिखाते हैं। वे जातिगत भेदभाव, अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संदेश करते हुए भाईचारा, प्रेम और सत्य का मार्ग अपनाकर समाज के सर्वांगीण विकास में सहयोगी का कार्य करते हैं। उन्हें हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि आगामी 25 अप्रैल को 26 अप्रैल को गोपेर परिसर में संत समागम एवं धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें विशिष्ट पीठाधीश अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु रामानुजाचार्य रामेश्वराचार्य महाराज राष्ट्रीय संयोजक, राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर महंत श्री रामभूषण, राष्ट्रीय महामंत्री महंत मोहनदास महाराज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत जोगेन्द्रपुरी आदि उपस्थित रहेंगे।

भक्त परमपद को पा लेता है तो वह संसार के माया बंधनों से मुक्त हो जाता-उद्धवदास महाराज

डीआर संवाददाता»सीहोर

विश्वनाथपुरी में 18 अप्रैल का भव्य भंडारे का आयोजन

शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी चरितार में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान महंत उद्धवदास महाराज ने भगवान श्रीराम और केवट का सुंदर प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। केवट के वह कहने पर कि प्रभु तुम्हारी और हमारी जाति एक ही है बस अंतर इतना है कि मैं लोगों को गंगा पार पहुंचाता हूं और आप जीवनधारों को भवसागर पार कराते हो। मैं गंगा पार का केवट हूं और आप संसार सागर के केवट हो। निरुत्तरित वनवासी केवट ने प्रभु राम की

चरण धूलांक लौटाकर वह संदेश दिया कि जब भक्त परमपद को पा लेता है तो वह संसार के माया बंधनों से मुक्त हो जाता है।

उन्होंने कहा कि भगवान के काम के लिए हमें यदि संसार भी मिला और तिरस्कार भी सहन करना पड़े तो हमें खुद को सौभाग्यशाली समझना चाहिए, बहुत कम लोग पहचिर के लिए अपने माथे पर श्रेय लेते हैं। शमाचार में लेख कोकोरी जो सबकी बुराई और अपमान सहन करना पड़ा, उस कोकोरी ने प्रभु की इच्छा से ही वनवास भेजने का कलंक अपने माथे पर लिया। भगवान श्रीराम चरण को पाने के लिए बन गई गई बहिन केवट, निषाद, शबरी, जटायु, गृधिराज जैसे भक्तों के लिए उन नए जो उद्धरण उनी से वन में प्रगाढ़ विश्वास लिए भगवान के दर्शन की वह देख रहे थे। भगवान के द्वारा वान में कोकोरी ने उनकी सहायता की, यदि कोकोरी नहीं होती तो संसार और भगवे का अस्तित्व नहीं हो पाता इसलिए कोकोरी निंदनीय नहीं वंदनीय है। आजकाल दुनुई का जमाना है, लोगों को गलतियां करने में बहुत सुख मिलता है। निन्दा करने से सामने वाले के पाप तो नाश हो जाते हैं किन्तु निन्दा करने वाले के खाते में जुड़ जाते हैं। इसलिए सबसे अच्छाई ही देखें, बुराई का दर्शन न करें।

5 श्री राम और महाबली मे मानसिक का नहीं विपत्ति का उदाहरण हुआ लक्ष्मण जी वन मे और भरत जी भी नंदी ग्राम मे तपस्वी बनकर रहे

एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के दो खिलाड़ियों का भोपाल डिवीजन टीम में चयन

डीआर संवाददाता»सीहोर

खेल जगत में सीहोर की पहचान को मजबूत करते हुए स्थानीय एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। एकेडमी की निशिता विश्वकर्मा और अरब मसीह का चयन प्रतिष्ठित भोपाल डिवीजन टीम में हुआ है। यह सफलता एकेडमी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, क्योंकि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय मंच पर अपनी जगह बनाई है। उनकी सफलता पर लोक अतुल चतुर्वेदा सहित अन्य ने बधाई दी है एसोसिएशन के गौरिका प्रकाशे प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि अरब मसीह और

निशिता विश्वकर्मा सप्ताहों से प्रैक्टिस पर एकलव्य अकादमी में खेलते हुए आ रहे है। यद्यपि खिलाड़ी आगामी दिनों में विभिन्न शहरों में आयोजित टूर्नामेंट में भोपाल डिवीजन का प्रतिनिधित्व करेंगे। निशिता विश्वकर्मा (सीनियर बालिका वर्गीय निशिता के मैच 20 अप्रैल से 23 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित होंगे। वे सेहरा, जबलपुर, शहडोल और सागर डिवीजन जैसी मजबूत टीमों के विरुद्ध मैदान में उतरेंगी। इसके अलावा अरब मसीह (अंडर-19 बालक वर्ग) अरब मसीह 19 से 22 अप्रैल तक जबलपुर में रेवा ऑफ एन्सी के विरुद्ध होने वाले महत्वपूर्ण मैचों में अपनी बल्लेबाजी और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। खिलाड़ियों की इस गौरवपूर्ण सफलता पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

समीक्षा बैठक नशा मुक्ति पर सख्ती, तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश

अत्याचार पीड़ितों को त्वरित न्याय, 2 करोड़ से अधिक राहत राशि वितरित

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में नशा उन्मूलन और अत्याचार पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर श्री बालगुरु के. की अध्यक्षता में आयोजित दो महत्वपूर्ण बैठकों में नशीले पदार्थों की रोकथाम और एससी-एसटी अत्याचार मामलों की समीक्षा की गई।

नार्को कोर्डिनेशन सेंटर (नकेंद्र) की बैठक में कलेक्टर और एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने नशे के खिलाफ व्यापी निगरानी और प्रभावी कार्रवाई

के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाज को नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए तस्करों पर सख्ती के साथ जागरूकता अभियान भी जरूरी है। स्कूल-कॉलेजों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाने, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और अवैध अफीम-भांग की खेती पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मेडिकल स्टोर्स पर बिना प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की बिक्री रोकने और नियमित जांच के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को नशा पीड़ितों के उपचार और काउंसलिंग सेवाएं मजबूत करने को कहा गया।

वहीं, जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में कलेक्टर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार मामलों में किसी भी स्तर की लापरवाही पर सख्त चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों को समयबद्ध राहत, सहायता और न्याय सुनिश्चित किया जाए। लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारा, राहत राशि के त्वरित वितरण और जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में एससी के 240 मामलों में 172.91 लाख और एसटी के 29 मामलों में 34.16 लाख रुपए की राहत राशि वितरित की गई है।

---

82 दिव्यांगजनों को ऑन द स्पॉट प्रदान किए गए सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग

डीआर संवाददाता»सीहोर

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा एडिप योजना के अंतर्गत इछावर जनपद कार्यालय में सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर ऑन द स्पॉट 82 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। शिविर में 12 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर इछावर जनपदाध्यक्ष, जनपद सीईओ सुश्री रुपाली

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | वैशाख कृष्ण अमावस्य, 2082 | विदिशा, दिन शुक्रवार ,दिनांक 17 अप्रैल 2026

न्यूज गैलरी

खरीदी में एफएक्यू मानकों का पालन करना अनिवार्य

विदिशा। रबी उपार्जन विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में 50 उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर की खरीदी जारी है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक योएल खपलिया ने किसानों से एफएक्यू गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही उपज लाने की अपील की है। लेकर निम्नि उपज स्वीकार नहीं की जाएगी।

संपत्ति व वसीयत पंजीयन के नियम अनिवार्य

विदिशा। पंजीयन विभाग ने आमजन को जागरूक करते हुए संपत्ति एवं संबंधित दस्तावेजों के के पंजीयन के आवश्यक नियमों की जानकारी जारी की है। विभाग के अनुसार विक्रय अनुबंध का पंजीयन अनिवार्य है, वहीं एक वर्ष या अधिक अवधि विभाजनामाध्यमा का पंजीयन भी जरूरी है। वसीयत का पंजीयन शून्य स्टांप शुल्क और 1000 रुपये में कराया जा सकता है।

नारी शक्ति वंदन पद यात्रा का आयोजन हुआ

विदिशा। नारी शक्ति वंदन पद यात्रा उल्लास एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता भाटक, माया नटेरन, विधायक मुकेश टंडन, नगर अध्यक्ष वासीदा, शक्ति अनिल यादव, नगराध्यक्ष प्रीति शर्मा शर्मा एवं जिपं सदस्य गायत्री रघुवंशी सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कांस्य मंदिर नाथवारा से शिवक चौक तक पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के माध्यम से महिलाओं के सम्मान, सशक्त अधिकार और सशक्तीकरण का संदेश दिया गया।

जनगणना: अनुपस्थित कर्मियों को नोटिस

विदिशा। जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना-2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण जिले में प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर ने विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और उपस्थिति का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए। 32 अनुपस्थित अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

अंतर विद्यालयीन फाइनल मुकाबले आज होंगे

विदिशा। जिला खेल परिसर में स्वर्गीय प्रो. के नायर स्मृति 16वीं अंतर विद्यालयीन चुटकुल प्रतियोगिता के लीग मुकाबले रोमांच के साथ सम्पन्न हुए। पहले मैच में अग्रिमकिल्ड वर्ल्ड स्कूल ने नगरपा स्कूल को 3-0 से हराया, जिसमें गौरव कुमरन ने दो और शत्रुघ्न ने एक गोल किया। दूसरे मैच में ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल ने शासकीय पंचुरिया स्कूल को 4-0 से पराजित किया। सीन चरण के बाद सप्तगंधीला, ट्रिनिटी, शासकीय पोलिमर सेकेंडरी और एनजीएम सार्वर स्कूल सेमीफाइनल में पहुंचे। प्रतियोगिता के निर्णायक मुकाबले आज खेले जाएंगे।

एसएटीआई कर्मचारियों ने सीएम को भेजे पोस्टकार्ड

विदिशा। जीवन गर्मी और 42 डिग्री तापमान के बीच एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारी पिछले 11 दिनों से वेतन न मिलने के कारण हड़ताल पर बैठे हैं। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर अनुदान शीघ्र जारी करने और वेतन संकट दूर करने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन न मिलने से आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है।

टीईटी परीक्षा के विरोध व सेवा अवधि प्रथम नियुक्ति से मान्य करने की मांग

शिक्षकों में आक्रोश: जिलेभर में बैठकों का दौर, 18 को भोपाल में भरेंगे हुंकार

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

टीईटी परीक्षा के विरोध में भोपाल में संयुक्त मोर्चा के बैनर प्रदर्शन की तैयारी करते शिक्षकों की एसोसिएशन

टीईटी परीक्षा के विरोध तथा सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने की मांग को लेकर प्रदेशभर के लाखों शिक्षक 18 अप्रैल को भोपाल के लेबूरे मैदान में एकत्रित होंगे। सोमवार 11 बजे प्रस्तावित इस विशाल प्रदर्शन में शिक्षक अपने सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करेंगे। इस मुद्दे को लेकर विदिशा जिले में जगह जगह शिक्षकों की बैठकों का दौर चल रहा है। हजारों की संख्या में शिक्षक यहां से प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचेंगे।

शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि शिक्षक शासन के नियमित नियमों के तहत भर्ती हुए थे, इसके बावजूद 29 वर्ष बाद पुनः परीक्षा देने का दबाव बनाया जा रहा है। परीक्षा में असफल होने पर सेवा समाप्ति का भय दिखाया जाना शिक्षकों के सम्मान के खिलाफ है। मोर्चा ने यह भी आरोप लगाया कि 1998 से कार्यरत शिक्षकों की सेवा अवधि को 2018 से मान्य कर पूर्व की अवधि को शून्य कर दिया गया,

बैठक कर संयुक्त मोर्चा ने लिया संकल्प

अध्यक्ष शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर 18 अप्रैल को भोपाल में आयोजित धरना आंदोलन में शामिल होने का संकल्प लिया गया। शिक्षक मोर्चा की प्रमुख मांगों में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पर शासन द्वारा दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई करना तथा प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना शामिल है। 15 अप्रैल को शासन के साथ बैठक हुई, किंतु कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला।

इसके पहले प्रांतीय मोर्चा ने 18 अप्रैल का कार्यक्रम स्थगित रखने का निर्णय लिया। प्रांतीय शिक्षकों से भोपाल बहुमंजिल आंदोलन में सहभागी बनने की अपील की गई है।

नौ सौ जनसंख्या है। इन मुद्दे को लेकर जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन हो चुके हैं। अब राजधानी भोपाल में निर्णायक आंदोलन की तैयारी है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिले के सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे 18 अप्रैल को राज्य स्तरीय एकजुटता से भोपाल पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं।

संयुक्त मोर्चा की बैठक में 18 अप्रैल को कूच का निर्णय

विदिशा। अध्यक्ष शिक्षक संयुक्त मोर्चा की जिले आयोजित बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश के आह्वान पर 18 अप्रैल को भोपाल पहुंचने का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि सभी शिक्षक एवं ट्रेन एवं निजी वाहनों से कार्यक्रम में शामिल होंगे।

जिला संयोजक कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि प्रदेशभर से लगभग 2 लाख शिक्षक जुटेंगे। जिला संयोजक राजेश पांडेय ने एकजुटता पर बल देते हुए मांगें पूरी होने का विश्वास जताया।

शमशाबाद से सैकड़ों शिक्षक होंगे शामिल

शमशाबाद। शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर 18 अप्रैल को भोपाल में आयोजित धरना-प्रदर्शन में शमशाबाद क्षेत्र से सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग लेंगे। यह आंदोलन टीईटी परीक्षा निरस्त कराने तथा प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता लागू करने की मांग को लेकर किया जा रहा है। सोमवार 12 बजे गोविंदपुरा स्थित दशहरा मैदान में अध्यक्ष-शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के बैनर तले कार्यक्रम होगा। संयुक्त मोर्चा द्वारा मोबाइल पूर्वा व बैठकों के माध्यम से शिक्षकों से संपर्क कर रणनीति बनाई गई है। जानकारी प्रांतीय शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष सुधाना माधव शर्मा ने दी।

जुआरियों पर पुलिस की कार्रवाई 11 आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में सिविल लाइन थाना पुलिस ने जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और लाखों रुपये का मशरूका जब्त किया गया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बालाजी पैराडाइज कॉलोनी के पीछे खाली जंगल पर जुए का खेल अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।

फरमानी के दौरान पुलिस ने जुआ खेलते हुए 11 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 263/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (एनी) की धारा 13, 112(1) के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 मोबाइल फोन, 3 मोटरसाइकिलें और नगदी राशि जब्त की है। जब्त किए गए कुल मशरूका की अनुमानित कीमत 4 लाख 44 हजार रुपये बताई गई है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गौरव साहू, रवि बघेल, अक्षय खान, आरिफ खान, तौफीक खान, दिनेश नालवीय, गौरव सूर्यवंशी, इशान खान, आशीष लोधी, रानू सिलवट और शाहिद खान शामिल हैं। ये आरोपी शहर के शिव नगर, पुलगवुल, बजरिया, बेस दरवाजा और अन्य क्षेत्रों के निवासी हैं। इस पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित कटारावानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत के नेतृत्व में की गई।विदिशा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

बेतवा नदी किनारे अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में अवैध खनिज उत्खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बासौदा तहसीलदार एवं खनिज निरीक्षक, विदिशा की संयुक्त टीम ने बुधवार को ग्राम बेरखेड़ी, तहसील बासौदा स्थित बेतवा नदी के किनारे दबिश दी।कार्रवाई के दौरान एक श्वेत मरुति (महिंद्रा एंड महिंद्रा) ट्राली अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरते हुए पाया गया। मौके पर श्वेत मरुति एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 05 5185 को जब्त कर थाना देहात, बासौदा में जुर्माना स्थल रखा है।निरीक्षण के दौरान नदी किनारे उत्खनन से उपयोग किए जा रहे लोहे के पाइप, खाली ड्रम एवं बांस भी बरामद किए गए। साथ ही लगभग 18 से 20 ट्रॉली अवैध रूप से निकाली गई रेत भी मौके पर पाई गई, जिसे प्रशासन ने जब्त कर लिया।जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच में सामने आया कि चंद्र मरुति के मालिक रोहित तिवारी, पिता श्री रामकांत तिवारी, निवासी सेक्टर रोड, तहसील बासौदा हैं। उनके विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है।

2 लोगों ने की आंखों दान, 4 देख सकेंगे दुनिया, एक साल में ऐसा करने वाले 6

2. 25 लाख लोगों में अंगदान के प्रति जागरूकता कम

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर के मेडिकल कॉलेज में नेत्रदान की सुविधा होने के बावजूद एक साल में महज 6 लोगों द्वारा ही नेत्रदान किए गए हैं। इनमें से दो दो लोगों ने गुरुवार को संकल्प निभाया। शहर में नेत्रदान को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है। साथ ही धारणाएं भी। जबकि एक व्यक्ति द्वारा किए गए नेत्रदान से 4 लोगों की अंधेरी जिंदगी में रोशनी आती है।नेत्रदान और देहदान को लेकर शहर में काम करने वाले समाज सेवी विकास मनोरी के मुताबिक वे इसके लिए काफी प्रयास करते हैं, नेत्रदान और देहदान के लिए लोगों से संकल्प पत्र भी भरवाते हैं। मनोरी बताते हैं कि लोगों में नेत्रदान को लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां हैं। उन्हें दूर करके जागरूक करने की जरूरत है।

एक ही दिन दो ने मरणोपरांत अपनी आंखों की सानदृष्टि आवश्यक विक्रय कर समाजसेवा एवं सर्वोत्तम पैरालिया के सुपुत्र श्रमिक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दीपेंद्र पैरालिया (65) का गुरुवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। दीपेंद्र के मरणोपरांत परिवारजनों द्वारा नेत्रदान कराया गया मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग के डॉ राकेश मीणा, डॉ योगेश सैनी

एवं सामेदी नर्स ने नेत्र प्रत्यारोपण किया।विदिशा में दुर्गा चौक तालेड निवासी शक्ति जैन का मरणोपरांत नेत्रदान कराया नेत्रदान करने हेतु संकल्प किया। नेत्रदान प्रतिष्ठित विदिशा के संचालक कमल मल जैन की पत्नी शक्ति जैन (72) ने 16 अप्रैल को सुबह अंतिम सांस ली।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 चना एवं मसूर खरीदी का कार्य जारी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत चना एवं मसूर खरीदी का कार्य जारी है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने बताया की विदिशा जिले में चना एवं मसूर खरीदी में अब तक कुल 3700.66 मैट्रिक टन खरीदी हुई है, जिसमें 1131.05 मैट्रिक टन चना एवं 2652 मैट्रिक टन मसूर खरीदी शामिल है।

कुल खरीदी गया के विरुद्ध किसानों को 25.20 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया है जिसमें 6.84 करोड़ रुपए की राशि चना और 18.56 करोड़ की राशि मसूर शामिल है।

उपसंचालक द्वारा बताया गया कि विदिशा जिले में चना एवं मसूर खरीदी के लिए कुल 50637 कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया है, जिनमें 30420 चना और 25234 मसूर के कृषक शामिल हैं तथा 17719 कृषकों के द्वारा स्लॉट बुक कराए गए हैं जिले के 50 उपार्जन केन्द्रों पर खरीदी का कार्य किया जा रहा है।

सिरोंज-बीना हाईवे पर बस पलटी, 23 घायल, 6 गंभीर विदिशा रेफर,

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

सिरोंज से बेलखा डोबरा एक यात्री तिलपति ट्रैवल्स की बस दुर्घटना ग्रस्त सिरोंज-बीना हाईवे पर ग्राम मटौली के पास पलट गई। हादसे में 23 लोग घायल हुए। इनमें 6 की हालत गंभीर है। इन्हें विदिशा रेफर किया गया।बस बीना कटेरा 9.30 बजे सिरोंज से रवाना हुई थी। यह करा 7 किमी दूर मटौली की नदी की पुलिया के पास पहुंची। इससे पहले ही बस तेजक तो बीच सड़क पर पलट गई। बस में चीख-पुकार मच गई। हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर यात्रियों को बाहर निकाला। यात्रियों को निकालने के लिए बस की खिड़कियों के शीशे तोड़े गए। स्थानीय पुलिस और 108 वाहन मौके पर पहुंचे। घायलों को सिरोंज के शहीद गोपी स्मृति चिकित्सालय लाया गया। जानकारी मिलने पर शिक्षक उमाकांत शर्मा अस्पताल पहुंचे। एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, एसडीओपी लोकू ठाकुर, रोजमी सिंह भी पहुंचे। उन्होंने मरीजों से बात की। घायल यात्री अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे। बसौदाखास निवासी गुलीराम और शमशेर मिलकी नटेरन रास्ते से बताया कि बस में करीब 60 यात्री थे। सभी दौड़ गई थी। कुछ लोग खड़े भी थे। उन्होंने बताया कि ड्राइवर बस तेज गति से चला रहा था। बस जैसे पलटी, यह समझ नहीं आया। घायलों में अभिजीत ठाकरिया और दीपनारायण आदि क्षेत्र के शामिल इलाकों के लोग हैं। इन गंभीर घायलों को विदिशा किया रेफर, काशी सिरोंज से गोपी गंगोता ने जगदीश अहिरवार 36 मटौली, कुलवंती अहिरवार 45 मटौली, कालिराम गोंडी 35 कोटखाना, अमरसिंह अहिरवार 18 दीपनारायण, लालू मजावली 27 सेवाखेड़ा, जिला अस्पताल 5 घंटा कालनी कर शामिल हैं। इन्हें विदिशा रेफर किया गया। सिरोंज अस्पताल में बसवाखास बेलखी आदेश नगर, सिलवाई अहिरवार कालनी घर, सिलवाई अहिरवार राजपुर, सिलवाई लोधी अहिरवार, अनोखा सिलवाई, भोले राम सलमे शाही ठाकुर अहिरवार, दुर्गेश राणी अनाथ, दुर्गेश राणा विदिशा, शशिकांत राणी शर्मा सिरोंज, शिवकर सा कुलवाखुर, नरेश में कुलवाखुर, पितांबरदास बैरागी रोमनाथ, रविता रेवर मालवा, जिला सेवर संकल्प, भूपेन्द्र सा रोमनाथ के इलाज का रहा है।

कोतवाली पुलिस ने 2 बाइक चोर पकड़े

विदिशा। थाना कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने मुखबिर सूचना पर घेराबंदी कर शरद उर्फ ऋतिक अहिरवार (22) और राकेश अहिरवार (18) को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख कीमत की 6 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया।

समीक्षा बैठक | **पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा में कलेक्टर अंशुल गुप्तासख्त**

लाइब्रेरी व्यवस्थित करने व साप्ताहिक एकरूपता गतिविधियों पर जोर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में संचालित पीएम श्री विद्यालयों के कार्यों की समीक्षा करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निर्देश जारी किए।

कलेक्ट्रेट के सेवा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में स्कूलों की आधारभूत संरचना, छात्र नामांकन, लक्ष्यों एवं शिक्षकों की उपलब्धता तथा बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर ने प्रत्येक विद्यालय द्वारा अपनाए गए नवाचारों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि इन नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।

कलेक्टर गुप्ता ने सभी पीएमश्री विद्यालयों में उन्नत एवं समृद्ध लाइब्रेरी विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों में नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने के उद्देश्य से अंग्रेजी भाषा का एक दैनिक समाचार पत्र अनिवार्य रूप से क्रय करने के लिए कहा। प्रत्येक रविवार को सभी विद्यालयों में समान रूप से शैक्षणिक एवं सह केवाया द्वारा-कलेक्ट्रेट, जिला विदिशा

शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन के निर्देश भी दिए गए। बैठक में खेलों के बौद्धिक, शारीरिक एवं खेल गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने हेतु योजनाबद्ध प्रयास करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण (एजुकेशनल टूर) आयोजित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीप्ति, पीएमडब्लू के कार्यपालन यंत्री, पीआईयू के ईई, जनजाति विभाग के डीडी, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी, होमगार्ड, स्कूल शिक्षा विभाग की सहायक संचालक, आईटीआई प्राचिपि एवं सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्रभारी उपस्थित रहे।

नंगे पैर कलेक्टोरेट पहुंचीं महिलाएं, मांगी सड़क, बिजली

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा गंजबासौदा थाना कॉलोनी के केस टू में रहने वाली महिलाएं गुरुवार को दोपहर 2 बजे करीब कलेक्टोरेट पहुंचीं और उजड़ी सड़क पर नंगे पैर बिजली और सड़क की समस्या को लेकर नारा लगाते रहीं।महिलाओं के मुताबिक 150 घरों की बस्ती है।

वहां बिजली के खंभे तो लगाए गए हैं, परंतु अभी तक डीपी और बिजली की केबल नहीं व्यवस्था नहीं की गई है।

इसके परिणामस्वरूप, बारिश के दिनों में परेशानी होती है और बच्चों को सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी हैं। उन्हें आश्वासन मिला था, लेकिन कुछ नहीं किया गया। गोपाल नौसल केंद्र के मुताबिक विदिशा में 1 दिन का तापमान 40.9 डिग्री और रात का तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया है। जो कि सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। आगामी दिनों में तापमान में और भी वृद्धि होने के आसार हैं।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

वैशाख कृष्ण अमावस्या. 2082 राजगढ, दिन शुक्रवार, दिनांक 03 अप्रैल 2026

न्यूज गैलरी

जिला सलाहकार समिति की बैठक 17 अप्रैल को

ब्यावरा। मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा बताया गया कि जिला सलाहकार समिति की बैठक 17 अप्रैल, 2026 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के बैठक कक्ष में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने समिति अधिकारियों, कर्मचारियों व सलाहकारी संगठन के सदस्य से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

ब्यावरा। बीजावर बायपास पर बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, तालौदी निवासी महेश पुत्र लालसिंह दांगी (36) बुधवार रात करीब 9:30 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान कमलारिया टोल के पास पीछे से आ रही अज्ञात कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महेश सड़क पर गिर गया और घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पिता के विवाद का बदलाव बेटे पर लाठी-डंडों से हमला

ब्यावरा। सिटी थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। पिता के विवाद का बदला लेने के लिए दो सगे भाइयों ने बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जगन्नाथपुरा निवासी कलूसिंह यादव (60) ने पुलिस को बताया कि कुमार और उसके पिता का गांव हुआ के ही राजेश सौंधिया से विवाद था। इसी बात को लेकर रात करीब 9 बजे जब वह दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था, तब गांव के बीच स्थित रामदेवरा मंदिर के पास आरोपी राजेश अपने भाई दीपू सौंधिया के साथ दोनों भाइयों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

कलेक्टर ने नलकूप खनन स्थल पर निरीक्षण किया

राजगढ़। जिले में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन एवं भू-जल स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. निशेश कुमार मिश्रा द्वारा नलकूप खनन कार्य स्थल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित खनन हितग्राही प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर फ्लशिंग एवं केसिंग इंस्टॉलेशन तक की संपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। उन्होंने करीब लगभग एक घंटे तक स्थल पर रुककर विशेषज्ञों एवं तकनीकी कर्मचारियों से संवाद किया तथा ड्रिलिंग कार्य में उपयोग की जा रही आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नलकूप खोदों में उपस्थित एक्वीफर (जलभरक परत) एवं इंटरफेस (मिट्टी की परतों के बीच की संरचना) का भी सूक्ष्म निरीक्षण किया गया, जिससे भू-जल की उपलब्धता और संरक्षण को बेहतर ढंग से समझा जा सके। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से नलकूपों के माध्यम से जल पुनर्भरण (रिचार्जिंग) की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया।

.. इस सीजन में पहली बार तापमान 41 डिग्री के पार

मौसम तेज गर्मी से बचने के लिए लोग कर रहे है तरह-तरह के प्रयास , दो दिन बाद लू चलने के आसार

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

जिले में अब गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ना शुरू हो गया है। गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते गुरुवार को राजगढ़ जिले का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री दर्ज किया गया है न्यूनतम तापमान 20.6 दिखे दर्ज किया गया है। की कि इस सीजन का सबसे अधिक तापमान बना है। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले में सबसे अधिक गर्मी दर्ज की जा रही है। हाल ही में अप्रैल की शुरुआत से मौसम खराब होने के चलते जिलेवासियों को गर्मी से काफी राहत मिली थी, लेकिन अब अप्रैल माह के दिन जैसे-जैसे बीतते जा रहे हैं, उसी के साथ गर्मी भी लगातार तेज होना शुरू हो गई। पिछले तीन दिनों से जिले में गर्मी के काफी तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। दो दिन से पीतर जिले का तापमान 2 डिग्री तक बढ़ गया। दो-तीन दिन से जिले में लगातार गर्मी बढ़ती

जा रही है। गुरुवार को राजगढ़ जिले का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। बताया गया है कि 41.4 डिग्री तापमान राजगढ़ जिले में इस सीजन का सबसे अधिक तापमान है। इसके पहले जिले का तापमान 40 डिग्री तक गया। अब आगामी दिनों में और भी बढ़ोत्तरी होने का

गर्मी चलते सड़कों पर सन्नाटा गर्मी पड़ने के कारण बाजारों में भीड़ नहीं आ रही है। दोपहर के समय सड़कों सूनी हो गई। सायं ही बाजारों में भी चहल-पहल कम हो गई है। उधर तेज गर्मी के कारण बच्चों के बीमार होने का खतरा लगातार अधिक बढ़ गया है। छोटे बच्चों को डायरिया होने का डर है। गर्मी को देखते हुए नागरिकों द्वारा कूलर, पंखे, एसी, पेड़-पौधों का सहारा लिया जा रहा है। मौसम के जानकारों ने इस साल गर्मी

सारंगपुर में सूर्य से बचने के लिए पुणेवाले का सहारा सारंगपुर सारंगपुर में गर्मी अब धिरलाल रूप लेने लगी है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों की हालत खराब कर रही है, रात का तापमान भी लगातार बढ़ने से राहत नहीं मिल पा रही। मौसम विभाग के संकेत है कि अगले दो दिनों में लू चलने की स्थिति बन रही है। सारंगपुर में तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार 16 अप्रैल की अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। दिन में तेज धूप के साथ धूल सहित गर्म हवाओं ने लोकजीवन को प्रभावित कर दिया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। हाल के दिनों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है, जिससे रात में भी गर्मी का असर कम होने का बजाय कल्ले, अधिक गर्मी होने व मुंडे अलग स्थानों पर रात्रि बिताने को मजबूर हो रहे हैं। राजगढ़ नगरवासियों को भी है, ताकि गर्मी के प्रकोप से बचा जा सके। पिछले कुछ दिनों से गर्मी भी लगातार बढ़ रही है।

परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्या रहा है। इसको लोगों को नींद प्रभावित हो रही है और खुले-आम का सहारा लेना पड़ रहा है। तेज धूप और लू जैसे हालात से बचने के लिए लोग पूरे शरीर को ढककर घर से निकल रहे हैं। धूपचिय टुपट्टा और चश्मा का उपयोग कर रही है, ही कुछ लिया तो चश्मा बाकायदा रख रहे हैं। महिलाएं भी बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए पूरी तरह ढककर बाहर ला रही हैं। दोपहर में घरों में कैद हुए लोग, सड़कों पर सन्नाटा सामान्यतः तेज गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा है और बाजारों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। दोपहर के समय लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। बुजुर्गों, बच्चों और बाहर काम करने वाले लोगों को चलने अधिक सावधानी और निर्माणाधीन स्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों को भी इस भीषण गर्मी से बेहाल किया है। एक बार फिर से राजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में दो तीन दिनों तक तेज गर्मी की संभावना जताई गई है। आगामी दिनों में जिले में लू चलने की संभावना है। शहरियों व ग्रामवासियों में बढ़ती गर्मी की संख्या गर्मी बढ़ने के साथ ही मेडिकल अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। मायल फुडाग और विरुद्धईशन के मरीज आ जा रहे है। अस्पताल में बेड की कमी तक की स्थिति बनने लगी है। डॉक्टरों के अनुसार बढ़ाकर कड़ी गर्मी और बदलते मौसम के कारण और बीमार हो रहे हैं। अधिकांश धूप से बचे और तरह पदार्थों का सेवन करेंगे का अधिक बाहर में गर्मी और लू के अलर्ट को देखते हुए लोगों की सतर्कता बरतने की सलाह दी

कमला बस ने बुजुर्ग को दो सौ मीटर तक घिसटा, मौत

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

कमला बस ने बुजुर्ग को 200 मीटर तक घिसटा, मौत

इंदौर से गुना जा रही कमला ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने बुधवार सुबह माकल्या रोड नौवाडे पर एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

मृतक की पहचान गौरीशंकर मिलाल (60) निवासी खाई 16 तलेनी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गौरीशंकर सब्जी लेकर मंडी जा रहे थे, तभी लापरवाही से चल रही बस ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर बाद भी चालक ने बस नहीं रोकी, जिससे बुजुर्ग करीब 200 मीटर तक बस के साथ घिसटते रहे। के

बस जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही

बस को जब्त कर लिया गया है और चालक के खिलाफ विभागिक

कार्रवाई की जा रही है। तेज गति से बस चलाना पूरी तरह अवैधकार्य है। पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर बसों की जांच की जा रही है और चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा

में ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। लोगों ने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बस जब्त कर चालक हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की बात सामने आई है।

बस जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही

बस को जब्त कर लिया गया है और चालक के खिलाफ विभागिक

कार्रवाई की जा रही है। तेज गति से बस चलाना पूरी तरह अवैधकार्य है। पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर बसों की जांच की जा रही है और चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा

एक ही फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी, साड़ी से फंदा बनाकर एक साथ आत्महत्या की,

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

अशोकनगर जिले के इंसाफगढ़ तहसील में गुरुवार सुबह पति-पत्नी के शव फंदे पर लटके मिले। 25 साल के युवक और उसकी पत्नी एक ही फंदे पर साड़ी के फंदे से लटके मिले। दोनों की दो साल की एक बेटी भी है।

मृतकों की पहचान गुड्डेश आदिवासी (25) पुत्र लल्लूराम आदिवासी और उसकी पत्नी मिली बाई आदिवासी (लगभग 22-23 वर्ष) के रूप में हुई है।

वे इंकलीपुरा गांव, थाना कनवारा के रहने वाले थे। दंपती ने अपने घर में एक ही साड़ी से फंदा बनाकर एक साथ आत्महत्या की।

युवक की मां ने आवाज लगाई तब देखा

घटना का खुलासा गुरुवार सुबह तब हुआ जब मृतेश की मां ने घर का दरवाजा बंद देखा और लगातार देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। परिजनों ने दरवाजा जोर से खटखटाया और अंदर जाकर देखा तो दोनों पति-पत्नी फंदे पर लटके हुए थे।

पड़ोसियों के अनुसार, दंपती मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। पूर्व में दंपत्ति का आपसी था और नहीं में कभी-कभी विवाद करता था, जबकि उनकी पत्नी मिली बाई शांत स्वभाव की थी। ग्रामीणों ने कहा कि शायद आर्थिक तंगी और पारिवारिक तनाव के कारण दोनों ने यह कदम उठाया होगा। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही कनवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों की मदद से दोनों शवों को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद शवों को इंकलीपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया,

घर में चांदी के जेवर, नकदी सहित 25 हजार के सामान की चोरी की

डीआर संवाददाता ✍ सुवासिया

चोरी की वारदात के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान नवदुनिया

नवदुनिया न्यूज, सुवासिया: नगर के सदर बाजार में स्थित एक घर में बीती रात अज्ञात चोर ने घुसकर चांदी के जेवर सहित नगदी माल पर हाथ साफ कर दिया है। परिवारों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक नगर के सदर बाजार में निवासी विशाल जैन के घर में पास की ओर से पीछे स्थित पुरानी मस्जिद के रास्ते से सुबह कोई अज्ञात चोर बुधवार गुरुवार के दरमियान रात घर में अंदर घुसा व घर में रखी गोदरेज की अलमारी को तोड़कर कपड़े कपड़े बिखेर दिए व उसमें रखी चांदी की तीन पायजेब चार-चार शिक्के सहित 10 से 12000 नगदी पर हाथ साफ कर दिया व चोर कपड़े का दरवाजा खोलकर पीछे के रास्ते से बाहर निकल गया। सुबह जब परिजन जागे तो सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। मामले की शिकायत विशाल जैन द्वारा स्थानीय थाने में की गई जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि नगर में एक बार फिर चूट चोरी की वारदात बढ़ने लगी है। बीते दिनों भी एक साथ की बुनारी में अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर करीब हजार-बारह सौ रुपये चुरा लिए थे।

तीन नाबालिगों के साथ दुष्कर्म और धर्मांतरण, लौटी पीड़िता ने बयां की आपबीती

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर।

जिले के पिपरई थाना क्षेत्र में धर्मांतरण और दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब एक हिंदू नाबालिग लड़की दो अन्य साथियों के साथ दुबारा पहनकर शोराहा से अपने घर लौटी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ब्रेन वॉश कर किया गया गुमराह

पीड़िता के अनुसार, करीब चार महीने पहले पिपरई रेलवे स्टेशन पर उसकी मुलाकात शोराहा निवासी आलाशाह से हुई थी। आरोप है कि आलाशाह ने उसे झांसे में लेकर उसका ब्रेन वॉश किया और शोराहा ले जाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी के साथियों, अहसान और अहद खान ने भी पीड़िता की दो अन्य नाबालिग दोस्तों को अपने जाल में फंसाया, उनका भी शोषण किया और उनके साथ गलत काम किया।

पुलिस ने शुरू की जांच

मामले की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों के लोग भी काफी गुस्से में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। अशोकनगर एसडीओपी विवेक खरे ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, धर्मांतरण और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस जघन्य नाबालिग किसी अन्य मामले में लिप्त तो है, जबकि बारी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

पेड़ से गिरा 41 वर्षीय व्यक्ति की मौत,

डीआर संवाददाता ✍ आरोनगर।

इंसाफगढ़ तहसील के लहदपुर गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेतों और पेड़ के पेड़ से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 41 वर्षीय राजेश प्रजापति के रूप में हुई है।

संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, राजेश अपने घर के पास स्थित पेड़ पर सूखी लकड़ियां काट रहा था। पहले उसका पैर पेड़ पर लड़ा था, लेकिन राजेश ने उसे सुरक्षित नीचे उतार दिया और खुद करीब 10-12 फीट ऊपर चढ़ गया। दुर्भाग्य वश उसे संतुलन अचानक उसका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से वह सिर के बल नीचे गिर पड़ा।

अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

हादसे के बाद परिजन घायल राजेश को तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने परिवार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण राजेश की जान चली गई।

6 लोगों को पिकअप ने कुचला, 1 की मौत, पांच घायल

डीआर संवाददाता ✍ सुवासिया

सुवासिया थानान्तर्गत बस स्टैंड के पास देर रात पिकअप वाहन ने 6 लोगों को कुचल दिया। हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 घायल हैं। घुसेटना का शिकार हुए लोग शहर में प्रायोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए शगुन खरीदने सुवासिया आए थे। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया है। जबकि मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।सुवासिया में बस स्टैंड से करीब600 मीटर दूर गुरुवार देर रात एक पिकअप वाहन एमपी 39 जी 4370 खड़ा हुआ था। वाहन चालक ने जैसे ही गाड़ी पर स्टार्ट किया वह तेज रफ्तार में आगे बढ़ गई और सामने से आ रहे 6 लोगों को कुचल दिया। हादसा होते ही इलाका बन गया। दुर्घटना में मौजूद पिता लालू, बंजारा 65 साल निवासी खिरी, साहूल पिता दीनदयाल बंजारा 18 साल निवासी देवरीखेड़ा, दीनदयाल पिता नागीलाल बंजारा 35 साल निवासी देवरीखेड़ा, पवन पिता प्रभुलाल बंजारा 13 साल निवासी गुवदपुरा, मोहन पिता लगनबाय बंजारा देवरी

जागरूकता की पहल परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन में लाने के लिए प्रयास तेज

साथी हाथ बढ़ाना... 51 बावड़ियों में शुरू हुआ श्रमदान

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के तहत प्रशासन द्वारा जिले के परंपरागत जल-स्त्रोतों के संरक्षण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजगढ़ सहित विभिन्न जनपद क्षेत्रों में स्थित कुल 51 बावड़ियाँ चिन्हित की गई हैं जहां साफ-सफाई, मरम्मत, पुताई सहित अन्य आवश्यक सुधार कार्य कराए जा रहे हैं।

जल गंगा में न केवल स्थानीय प्रशासनों, आमजनों, लोकसेवकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के मैदानी ने अपने सहित जागरूकजनों का

सहयोग भी लिया जा रहा है। राजगढ़ जनपद में 9 ब्यावरीयां चिन्हित की गई हैं। कुछ बावड़ियों के कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं अन्य के कार्य अंतिम चरण में चल रहे हैं। खिलचीपुर की

08 बावड़ियों में ग्राम स्तर पर जनसहभागिता के साथ पुताई, बम्बान व सफाई कार्य जारी है। इसी तरह नरसिंहगढ़ जनपद में चिन्हित 15 बावड़ियों में से 12 में कार्य प्रगति पर है एवं 03 बावड़ियों में कार्य आवश्यक नहीं पाया गया। जैतपुर जनपद में 02 बावड़ियाँ, सारंगपुर जनपद में 05 बावड़ियों में साफ सफाई व अन्य कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं वहीं शेष में रिटेनिंग व सुधार कार्य जारी है।

ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहे जल

इस अभियान की प्रमुख विशेषता जिले में भू-जल स्तर में बढ़ोतरी के साथ ही भू-जल पुनर्भरण सम्बन्धित एवं सौंदर्यीकरण है। इसके साथ ही परंपरागत जल-स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना भी मुख्य उद्देश्य है।

कलेक्टर डॉ. निशेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. इंजिनियर गड़पाले ने जिले के आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने क्षेत्र की बावड़ियों के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा की सख्त समीक्षा लापरवाही पर नोटिस व कार्यवाही के निर्देश

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. निशेश कुमार मिश्रा द्वारा कृषि विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में उप संचालक कृषि श्री श्री सचिन जैन, सभी एसडीओ एवं मंडी सचिव उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रत्येक मंडी सचिव से लंबित शिकायतों की जानकारी ली तथा उप संचालक कृषि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि वे स्वयं शिकायतकर्ताओं से चर्चा करें एवं भवांतर भुगतान की स्थिति की व्यक्तिगत रूप से जानकारी लें, केवल एसडीओ पर निर्भर न रहें।

समीक्षा के दौरान खिलचीपुर मंडी सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। भावरा मंडी सचिव को शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए खिलचीपुर एसडीओ को लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कृषि विभाग को सख्त निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों से सीधे संवाद कर समस्याओं का समाधान किया जाए।